दैनिक जागरण
26-10-2024

फेंसिंग स्पर्धा में जीएमएन कालेज का दमदार प्रदर्शन

जागरण संवाददाता ● अंबाला : कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र के खेल विभाग द्वारा 24 अक्टूबर को अंतर-महाविद्यालय फेंसिंग (पुरुष एवं महिला) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज की टीम ने बेहतरीन खेल प्रदर्शन करते हुए सफलता हासिल की। जीएमएन कालेज की टीम ने फाइल और सेबर में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

फाइल इवेंट में कालेज की टीम ने दूसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि सेबर इवेंट में उन्होंने तीसरा स्थान हासिल किया। कालेज की ओर से ध्रुव, पीयूष, और संजय ने भाग लिया। इन छात्रों में से ध्रुव ने व्यक्तिगत श्रेणी में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक हासिल किया।

कालेज खेल विभाग के अध्यक्ष डा. बृजेश कुमार ने प्रतिभागी छात्रों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि छात्रों का यह प्रदर्शन उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण का प्रतिफल है। प्राचार्य ने कहा कि हमारे छात्रों ने विश्वविद्यालय स्तर की इस प्रतियोगिता में अपने अनुशासन और दृढ़ता के साथ कालेज का नाम रोशन किया है। इसी तरह कालेज में कंप्यूटर एप्लीकेशन एवं मैनेजमेंट विभाग द्वारा कालेज परिसर में डिजी दिवाली उत्सव का आयोजन किया। इसमें रंगोली, दीया सजावट, ई-कार्ड और रील मेकिंग जैसे सांस्कृतिक और तकनीकी कार्यक्रम आयोजित किए गए।